LATEST

# NEWS

## Election

**Date : 26th Dec. 2025**

# Office of Chief Electoral Officer Rajasthan

https:/election.rajasthan.gov.in/

Follow us on:

CEORAJASTHAN

हेल्पलाइन 1950

दैनिक भास्कर धौलपुर 26-12-2025

# विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 : एसएमएस से भी मतदाता सूची में नाम खोजने की सुविधा उपलब्ध

## मोबाइल से ही ले सकेंगे सूची में नाम की जानकारी

भास्कर न्यूज | धौलपुर

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रारूप मतदाता सूची में नाम खोजने के लिए एसएमएस सेवा उपलब्ध कराई गई है। इसके माध्यम से कोई भी मतदाता मोबाइल फोन के जरिए अपने नाम की स्थिति आसानी से जान सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए मतदाता को अपने मोबाइल से 1950 पर एसएमएस भेजना होगा।

एसएमएस में ईएसआई खाली स्थान अपना इपिक नम्बर विवरण टाइप करना होगा। उसके उपरान्त इसको 1950 पर भेजना होगा। उदाहरणार्थ ECI SFK097162 या ECI RJ/06/044/663174 मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान राज्य में 8935 नए मतदान केंद्र सृजित किए गया है। इस कारण से सभी मतदाताओं के पूर्व के मतदान केंद्र एवं मतदाता क्रमांक में परिवर्तन हो गया है । अतः मतदाताओं की सुविधा के लिए एसएमएस के माध्यम से मतदाता सरल,त्वरित एवं सुलभ रूप से प्रारूप मतदाता सूची में अपने नाम की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने तथा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इसके जरिए अब मतदाता अपना नाम एमएसएस के माध्यम से खोज सकेंगे।